







# डीईओ को हटाकर शिक्षा विभाग की कमान राजस्व अधिकारी को, लगा सवालिया निशान

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। कलेक्टर ने एक माह पांच दिन बाद सहायक संचालक शिक्षा अमित जैन से जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार छीन लिया और इसे कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर अनिल कुमार तलैया को सौंप दिया। अमित जैन अब अपने मूल पद पर पूर्ववत् कार्यभार संभालेंगे।**

कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश पत्र में इस परिवर्तन का कोई ठोस कारण नहीं बताया गया, जिससे उक्त आदेश पर सवालिया निशान लगना लाजिमी है और जिले भर में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं । अमित जैन की छवि ईमानदार, निष्पक्ष और नियमों का कठोरता से पालन करने वाले





अधिकारी की रही है हो सकता है कि राजनैतिक षणयंत्र के शिकार हो सकते हैं या फिर और कोइ कारण हो सकता है यह तो कलेक्टर ही जान सकती हैं। श्री जैन के कार्यकाल में कुछ अधिकारियों की मनमानी रुक गई थी।

**राजस्व अधिकारी को शिक्षा विभाग की कमान सौंपना कहा तक उचित** - अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या कलेक्टर का यह फैसला ईमानदार अधिकारियों पर लोहे की कील ठोकने जैसा है? जिला प्रशासन के इस निर्णय को तुगलकी फरमान भी कहा जा रहा है।

विशेषज्ञ सवाल कर रहे हैं कि राजस्व विभाग के तहसीलदार को शिक्षा विभाग की कमान सौंपना कितना उचित है? नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत के ठीक समय यह बदलाव होने से जिले भर के शिक्षा अधिकारियों और कर्मचारियों में अंदरूनी नाराजगी फैल गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, जैन के सख्त रवैये से कुछ लोग असहज हो गए थे, जो अब संतुष्ट नजर आ रहे हैं। हालांकि, शिक्षा विभाग के जानकारों का कहना है कि यह फैसला विभाग की कार्यप्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। जिला शिक्षा अधिकारी का पद उपसंचालक शिक्षा स्तर का है, और शासन की गाइडलाइन के अनुसार रिक्त पद पर सहायक संचालक को ही प्रभार देने का प्रावधान है। इसकी अनदेखी कर तहसीलदार रैंक के राजस्व अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई, जो सवालों के घेरे में है। स्थानीय पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि पारदर्शिता की कमी से प्रशासनिक विश्वास पर असर पड़ेगा। जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है।

## द्वितीय परीक्षा आज से लेकिन पन्ना में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

वर्ष 2026 के लिए बोर्ड ने द्वितीय परीक्षा की तिथियां घोषित कर दी हैं। इसके अनुसार 10वीं कक्षा की परीक्षा 7 मई से 19 मई तक और 12वीं (हायर सेकेंडरी) की परीक्षा 7 मई से 25 मई तक आयोजित की जा रही है। इधर पन्ना जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के पदभार में अचानक बदलाव से व्यवस्था को लेकर स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी गई है है। विभागीय सूत्रों के अनुसार मंडल स्तर पर शिक्षा अधिकारी के रूप में उनकी ही जानकारियां दर्ज हैं जिससे तकनीकी समस्याएं भी खड़ी होगी। परीक्षा केंद्रों पर समुचित व्यवस्था, निगरानी और समन्वय की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण हो गई है, लेकिन प्रशासनिक फेरबदल के कारण शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

## महज 1 माह 5 दिन ही मिला अमित जैन को काम करने का अवसर

जिला शिक्षा अधिकारी पदभार संभालते हुर डाइट प्राचार्य रवि प्रकाश खर 31 मार्च को सेवानिवृत हो गए थे। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त होने पर कलेक्टर पन्ना ने शासन के नियमों के अनुसार प्राथमिकता क्रम में सहायक संचालक अमित जैन को 1 अप्रैल से जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार सौंपा था। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से, मात्र 1 माह 5 दिन बाद, 5 मई को कलेक्टर ने अपने ही आदेश को पलटते हुए अमित जैन से जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार छीन लिया लिया। श्री जैन को इतने कम समय में हटाए जाने का निर्णय प्रशासनिक हलकों में चर्चा और हैरानी का विषय बना हुआ है।

# कृषि योजनाओं के लाभ के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अब कृषकों को ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करना अनिवार्य है।**

इसके लिए हितग्राही किसानों के पास फॉर्मर आईडी होना भी जरूरी है। विभाग के उप संचालक ओ.पी. तिवारी ने बताया कि किसान भाई खरीफ 2026 में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एमपी किसान एप पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। कृषि विभाग में संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं का पंजीयन पोर्टल, मोबाइल एप पर मोबाइल से अथवा किसान की सहमति से कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी कराया जा सकता है। इस संबंध में किसानों को विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क करने की सलाह भी दी गई है।

## पीटीआर में फांसी पर लटका मिला शव

पन्ना, 06 मई। आज पन्ना टाईगर रिजर्व के कोर एरिया में एक अधेड़ युवक का पेड़ में फांसी पर लटका हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। हालांकि शव की अभी तक शिनाख्त नही हो पाई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# जंगली सुअर के हमले में घायल व्यक्ति को वन विभाग ने दी सहायता

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के अंतर्गत शाहनगर वन परिक्षेत्र की बीट अतरहाई में बकरी चराने गए ग्राम खमरिया निवासी बल्लू पटेल पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा घायल को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी पहुंचाया गया।**

वहां उपचार उपरांत इलाज के लिए उन्हें जिला चिकित्सालय कटनी रेफर कर भर्ती कराया गया। वन विभाग द्वारा पीड़ित को तत्काल आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। घटना के दौरान बीट



प्रभारी प्रेम नारायण वर्मा, वनरक्षक एवं जनप्रतिनिधि मोहन विश्वकर्मा तथा वीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

वन विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वन क्षेत्रों, घनी झाड़ियों एवं खेतों के समीप जाते समय सतर्कता बरतें तथा यथासंभव समूह में ही आवागमन करें। यदि किसी व्यक्ति का सामना जंगली सुअर से हो जाए, तो घबराने, दौड़ने अथवा उसे उकसाने का प्रयास न करें, बल्कि सुरक्षित दूरी बनाते हुए धीरे धीरे पीछे हटें एवं तत्काल वन विभाग को सूचना दें।

# कलेक्टर ने जनगणना प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ऊषा परमार ने जनगणना कार्य के प्रचार-प्रसार के लिए जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा प्रदाय की गई जनगणना प्रचार रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

प्रचार रथ द्वारा पन्ना जिले के 20 प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर जनगणना हेतु किए जा रहे कार्यों के प्रति जनमानस को जागरूक किया जाएगा तथा लोगों को जनगणना के महत्व की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर श्रीमती परमार ने जिलेवासियों से अपील



करते हुए कहा है कि जनगणना-2027 के तहत एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी मकान गणना सहित 33 प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। सभी जिलेवासी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग करते हुए जनगणना के अंतर्गत मकान गणना कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आंकलन करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं को बेहतर एवं प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके। जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सही एवं सटीक जानकारी देकर जिलेवासी देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। कलेक्टर ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि जानकारी देने से पहले अधिकारी अथवा कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य जांच लें। केवल अधिकृत शासकीय कर्मचारियों को ही जानकारी प्रदान करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे सहित एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, सहायक अधीक्षक जनगणना शाखा उमाशंकर दुबे, जनगणना निदेशालय द्वारा नियुक्त जिला प्रतिनिधि मिलन गुप्ता एवं पत्रकारगण भी उपस्थित रहे।

# उपार्जन केन्द्र सलेहा पहुंचे विधायक, गड़बड़ी मिलने पर लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। क्षेत्र के सलेहा उपार्जन केंद्र पर उस समय हड़कंप मच गया जब गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। बिना पूर्व सूचना के किए गए इस औचक दौरे में उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

निरीक्षण के दौरान विधायक ने साफकहा कि केंद्र पर आने वाले किसानों को सभी जरूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसान कल्याण वर्ष के रूप में कार्य कर रही है और प्राथमिकता किसानों की समस्याओं के समाधान की है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक और किसान चिलचिलाती धूप में परेशान हैं, जबकि कुछ अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयों में आराम कर रहे हैं, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है।

**व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश** - विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र पर किसानों के बैठने, पेयजल, छाया और तौल व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। साथ ही पारदर्शिता बनाए रखने और किसानों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली पर रोक लगाने के निर्देश दिए। अब देखना यह होगा कि विधायक के सख्त रुख के बाद उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं में कितना सुधार आता है और किसानों को राहत मिल पाती है या नहीं?

## भ्रष्टाचार के आरोप से मचा हड़कंप

निरीक्षण के दौरान किसान मोर्चा सलेहा मंडल अध्यक्ष के.के. चौरसिया ने चना उपार्जन केंद्र प्रभारी पर रिश्वत मांगने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने विधायक से मौखिक शिकायत करते हुए बताया कि उनसे 2000 रुपए मांगे गए थे, जिसमें वे 1500 दे चुके हैं और 500 रुपए शेष बताए जा रहे हैं। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने मौके पर ही अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि ऐसी घटनाएं जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की शिकायतें दोबारा सामने आईं तो संबंधितों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जनपद पंचायत सभागार में हुई समीक्षा बैठक

अजयगढ़, 06 मई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत अजयगढ में समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई साथ ही मनरेगा अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अंतर्गत कराये गये कार्य जैसे खेत तालाब, डगवैल रिचार्ज की उपयंत्रीवार समीक्षा की गई एवं कार्यों को दो सप्ताह के अंदर पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत के समस्त उपयंत्री सहित सतीश सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, संजय सिंह परियोजना अधिकारी जिला पंचायत, प्रशान्त नायक सहायक यंत्री एवं अमित यादव एपीओ उपस्थित रहे।

# पांडुलिपि सर्वेक्षण व संरक्षण के संबंध में हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा ज्ञान भारतम् पांडुलिपि मिशन के तहत पांडुलिपि सर्वेक्षण का अभियान संचालित किया जा रहा है।**

इस संबंध में केन्द्र सरकार के जारी निर्देश एवं एसओपी अनुरूप पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग सहित गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा भी आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर संबंधित विभाग के अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्ष से पांडुलिपियों की उपलब्धता, सर्वेक्षण एवं संरक्षण के संबंध में



जरूरी चर्चा की गई। कलेक्टर की अध्यक्षता में उपस्थितजनों द्वारा पांडुलिपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर आवश्यक सुझाव दिए गए। जिला कलेक्टर ने पन्ना जिले में विभिन्न स्थानों तथा संस्थाओं एवं प्राचीन महत्व के स्मारकों आदि में पांडुलिपि की उपलब्धता तथा अनुविभाग स्तर पर भी गणमान्य व्यक्तियों की बैठक आयोजित कर पांडुलिपियों के संरक्षण एवं अपलोडिंग कार्यवाही में तेजी लाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही आगामी बैठक के पूर्व आवश्यक तैयारी के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और छत्रसाल द्वितीय महाराज पन्ना ने भी पांडुलिपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# आंधी, बारिश से बदला मौसम का मिजाज

## भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। जिले में ज्येष्ठ के महीने में अचानक मौसम ने करवट बदल ली और सावन जैसा नजारा देखने को मिला। दो तीन दिनों से सुबह से ही आसमान में काले घने बादल मंडराते नजर आते है, जिससे लोगों को मौसम में बदलाव के संकेत मिल जाता है।**

दोपहर होते-होते मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जाता है और तेज आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश शुरू हो जाती है। कई जगहों पर आंधी इतनी तेज थी कि पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गईं और कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। जेठ के महीने में इस तरह के बदलते मौसम ने सभी को हैरान कर दिया है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश का असर साफतौर पर दिखाई दे रहा है। हालांकि इस बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत जरूर दिलाई। दोपहर के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। लेकिन बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी और मौसम सुहावना हो गया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने इस बदलाव का आनंद लिया। हालांकि मौसम के इस बदलाव ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। पिछले कई दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा था और गर्म हवाओं ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया था। ऐसे में अचानक बदले मौसम ने लोगों को राहत की सांस लेने का मौका दिया।

**मौसम हुआ सुहावना** - स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से गर्मी अपने चरम पर थी। दोपहर के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। लेकिन दो चार दिनों में जिले में कहीं कहीं हुई बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी और मौसम सुहावना हो गया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी ने इस बदलाव का आनंद लिया।

**बिजली आपूर्ति रही बाधित** - बताया गया कि तेज आंधी और बारिश के कारण कुछ स्थानों पर जनजीवन भी प्रभावित हुआ। बिजली कटौती और पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं।

# बुजुर्ग विधवा की जमीन पर दबंगों का कब्जा

## न्याय के लिए कलेक्टर की चौखट पर पहुंची बेबस मां

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। जिले के टिकुरिया मोहल्ला निवासी एक असहाय बुजुर्ग महिला की पुश्तैनी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़िता भवानी बाई ने पन्ना कलेक्टर की जनसुनवाई में गत दिवस आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।**

भवानी बाई का कहना है कि उनके पति स्वर्गीय मन्नू लाल बसोर को वर्ष 1975 से पूर्व भू-स्वामी अधिकार प्राप्त थे और वे लंबे समय से इस भूमि पर खेती करते आ रहे थे। आराजी क्रमांक



01 और खाता क्रमांक 170 के अंतर्गत आने वाली इस करीब 2.482 हेक्टेयर भूमि पर अब दबंगों ने अपनी नजरें गड़ा दी हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि स्थानीय निवासी तज्जू हुसैन और तजमुल हुसैन द्वारा उनकी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। बुजुर्ग महिला का कहना है कि वह और उनका परिवार मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। हैरानी की बात यह है कि इस भूमि के सरकारी दस्तावेजों, खसरा और ऋण पुस्तिका में भवानी बाई और उनके पांच पुत्रों के नाम दर्ज हैं।

पति की मृत्यु के बाद वर्ष 1994 से ही यह जमीन उनके और उनके बेटों के नाम पर नामांतरित है, इसके बावजूद प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने कलेक्टर से मांग की है कि उनके दस्तावेजों का तत्काल अवलोकन कर अवैध कब्जाधारियों को वहां से बेदखल कर न्याय प्रदान किया जाए।

## कलेक्टर ने गेहूं खरीदी केन्द्र जरूआपुर का किया निरीक्षण

पन्ना, 06 मई। कलेक्टर ऊषा परमार ने बुधवार को गेहूं उपार्जन केन्द्र जरूआपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सर्वेयर एवं प्रबंधक से स्कंध खरीदी के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। केन्द्र पर किसानों की सुविधाओं के मद्देनजर मूलभूत व्यवस्थाओं और अन्य आवश्यक प्रबंध का जायजा भी लिया। किसानों से चर्चा भी की। इस दौरान शासन के निर्देश मुताबिक गेहूं उपार्जन, परिवहन एवं भण्डारण के संबंध में निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र पर बारदाना की उपलब्धता सहित तुलाई तथा आवक गेहूं एवं ग्रेडिंग कार्य का अवलोकन भी किया।

# जिला चिकित्सालय के दस्तावेजों का होगा विनिष्टीकरण

## 15 दिवस का दिया गया समय

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। जिला चिकित्सालय पन्ना अंतर्गत विभिन्न वार्ड एवं शाखाओं के निर्धारित समयावधि के पुराने दस्तावेजों का विनिष्टीकरण किया जाना है।**

इस संबंध में सभी नागरिकों को मरीजों से संबधित नियत अवधि के दस्तावेजों की आवश्यकता होने पर 15 दिवस के अंदर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए सूचित किया गया है अन्यथा शासन के निर्देश अनुरूप दस्तावेजों का विनिष्टीकरण कर दिया जाएगा तथा इसके उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई नहीं होगी। विभिन्न दस्तावेजों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए सिविल सर्जन कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# रिहायशी मकान में पुलिस का छापा, पन्ना और कटनी के 20 जुंआरी गिरफ्तार, 14 लाख का माल बरामद

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 06 मई। जिले में एसपी पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू के दिशा निर्देशन में अवैध गतिविधियों और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रैपुरा थाना पुलिस ने जुए के एक बड़े फड़ पर दबिश देकर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मौके से मुख्य आरोपी सहित कुल 20 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है, जिनके कब्जे से नगदी और वाहनों सहित करीब 14 लाख 6 हजार 800 रुपये का मशरूका जप्त किया गया है।**

पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि कस्बा रैपुरा निवासी विनय चनपुरिया अपने घर पर बाहरी लोगों को जमा कर बड़े स्तर पर जुआ फड़ संचालित कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी की और अचानक घर के अंदर दबिश दी। पुलिस की इस अचानक छापेमारी से वहां भगदड़ मच गई, लेकिन घेराबंदी के कारण कोई भाग नहीं सका।

**इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार** - मौके पर मुख्य आरोपी विनय चनपुरिया के साथ पन्ना और पड़ोसी जिले कटनी के 19 अन्य लोग जिनमें .महेश कुमार



लोधी पिता राममिलन लोधी, उम्र 30 वर्ष, धनीराम पटेल पिता लालजी पटेल, उम्र 36 वर्ष, शंकर सिंह ठाकुर पिता गेंद सिंह ठाकुर, उम्र 40 वर्ष, राकेश सिंह ठाकुर पिता खिलावन सिंह ठाकुर, उम्र 41 वर्ष, रिजवान खान पिता रसीद खान, उम्र 29 वर्ष, गंगाराम पटेल पिता गोविन्द पटेल, उम्र 34 वर्ष, रोहणी तिवारी पिता मथुरा प्रसाद तिवारी, उम्र 48 वर्ष, शाहिद ताज पिता शेख शाहिद, उम्र 36 वर्ष, सनित जैन पिता शिखरचन्द्र जैन, उम्र 36 वर्ष, सोनेलाल पटेल पिता सुंदरलाल पटेल, उम्र 31 वर्ष, भारत चौधरी पिता प्रहलाद चौधरी, उम्र 32 वर्ष, शिवम सोनी पिता रामशंकर सोनी, उम्र 28 वर्ष, अनिल कुमार लोधी पिता मूलचन्द्र लोधी, उम्र 32 वर्ष, रामजी लोधी पिता माधव लोधी, उम्र 35 वर्ष, संतोष चौधरी पिता दुखिया चौधरी, उम्र 42 वर्ष, गणेश प्रसाद श्रीवास्तव पिता रामकृपाल श्रीवास्तव, उम्र 54 वर्ष, बबलू चौधरी पिता मगना चौधरी, उम्र 30 वर्ष, सभी निवासी जिला कटनी तथा अरविन्द चौधरी पिता

कृपाल चौधरी, उम्र 28 वर्ष, व अजय सेन पिता मानिकलाल सेन, उम्र 28 वर्ष, निवासी जिला पन्ना द्वारा ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाते पाए गए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह अड्डा पिछले कई दिनों से चल रहा था और मुख्य आरोपी जुआरियों को सुविधा देने के नाम पर अवैध वसूली कर रहा था। पुलिस ने फड़ से 1 लाख 73 हजार 300 रुपये नगद, 19 मोबाइल फोन, एक चारपहिया वाहन और छह दोपहिया वाहन जप्त किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में से अधिकांश कटनी जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी के खिलाफधारा 3 और अन्य 19 आरोपियों के खिलाफधारा 4 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई।